an>

Title: Need to sanction funds for construction of Hostels for students in Agar Malwa district, Madhya Pradesh.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) ः मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (मध्य प्रदेश) मुख्यतः कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के निवासियों की आजीविका कृषि एवं कृषि उत्पादन संबंधी कार्यों पर निर्भर है। क्षेत्र के नवगठित जिले आगर-मालवा में विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर बढ़ाने व शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर अनुसूचित जाति, जनजाति समुदायों के गरीब, अति पिछड़े वर्ग तक पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बालक व बालिकाओं के लिए 100-100 बिस्तरों वाले पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए मैं क्षेत्रवासियों की ओर से माननीय मंत्री महोदय व सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

छात्रावास निर्माण हेतु स्वीकृत राशि मिलने में विलंब से छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि उक्त दोनों छात्रावासों के शीघ्र निर्माण हेतु प्रस्तावित राशि की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करें।